दिन–मंगलवार दिनांक– 17 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के आज सौ दिन पूरे हुये। प्रधानमंत्री ने कहा– पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आये हैं।

02. गंगा, घाघरा, सोन और पुनपुन नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी। पटना, बक्सर, कैमूर और सारण जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय के देवना में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट के एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ किया।

04. और, गया में विश्व प्रसिद्ध पितृ पक्ष मेला शुरू। पिंडदान के लिए देश–विदेश से पहुंचने लगे हैं श्रद्धालु।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने तीसरे कार्यकाल के आज सौ दिन पूरे कर लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। इन निर्णयों ने लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है और दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। ओडिशा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि देश महिलाओं, किसानों, युवाओं, गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों की भागीदारी से तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है।

———बाईट———

गरीब किसान, नौजवान और नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए बड़े–बड़े फैसले लिए गए हैं। बीते सौ दिन में तय हुआ कि गरीबों के लिए तीन करोड़ पक्के घर बनाएंगे। बीते सौ दिनों में नौजवानों के लिए दो लाख करोड़ रुपये का पीएम पैकेज घोषित किया गया है। युवा साथियों को इसका बहुत लाभ होगा। इसके तहत प्राइवेट कंपनियों में नौजवानों की पहली नौकरी की पहली सैलरी सरकार देने वाली है। ओडिशा सहित पूरे देश में 75 हजार नई मेडिकल सीटें जोड़ने का भी फैसला किया गया है।

वहीं, सरकार के सौ दिन पूरे होने पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है। श्री शाह ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

———बाईट———

सौ दिन में लगभग—लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को चालू किया गया है। सौ दिन को मैंने चौदह तम्बू में बांटा है। इन्फ्रास्ट्रक्चार का जहां तक इनका सवाल है, सौ दिन में तीन लाख करोड़ की परियोजनाएं हमने घोषित भी की हैं, इमप्लिमेंनेंटेशन भी शुरू हुआ है।

————————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि सौ दिन के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लिये गये हैं। सरकार ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत तीन करोड़ घरों के निर्माण की अनुमति दी है।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्र ने कहा है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनो में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग तीन हजार एक सौ अड़तालीस करोड रूपये के ऋण वितरित किए गए हैं। नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम माझी ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत छब्बीस हजार सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम स्थापित किए गए हैं जिनमें लगभग दो लाख दस हजार लोगों को रोजगार मिले हैं।

————————————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सशक्त नेतृत्व दिया है और हर क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा है।

———बाई———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज जन्मदिन है। श्री मोदी के चौहत्तरवें जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक शख्सियतों ने उन्हें बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री को जन्म दिन की शुभकामना दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को जन्म दिन की शुभकामना देते हुये उनके दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन की कामना की है। भाजपा की और से प्रधानमंत्री का जन्म दिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पटना स्थित पार्टी कार्यालय में श्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी और रक्त दान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय के देवना में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट के एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह केन्द्र महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण का बड़ा केन्द्र बनेगा यहां चार लाख जीविका दीदियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

---बाईट---

---

देशव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान की आज से शुरूआत हुई। यह अभियान दो अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का विषय है – स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। इधर, प्रदेश में विभिन्न जिलामुख्यालयों और संस्थानों में इस अभियान के तहत श्रम दान किया गया और लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने हाजीपुर में राज्य स्तरीय स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ संवाद भी किया। श्री कुमार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का स्वीकृति पत्र, आवास की प्रतिकात्मक चाभी और आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

---बाईट---

राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल ने शेखपुरा में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा में कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान महारैली का आयोजन किया गया।

---

राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों के साथ ही पड़ोसी राज्यों में हो रही बारिश के कारण गंगा समेत अधिकतर नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, भागलपुर, मुंगेर समेत राज्य में अनेक स्थानों पर खतरे के निशान को पार कर गया है। इधर,

सोन नदी का जलस्तर रोहतास के इंद्रपुरी, भोजपुर के कोइलवर और पटना के मनेर में लगातार बढ़ रहा है। पुनपुन नदी भी उफान पर है। हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर मनेर, दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में लाल निशान को पार कर गया है।

———बाईट———

कैमूर से हमारे संवाददाता श्रीकांत पांडेय ने बताया कि जिले में कर्मनाशा सहित कई बरसाती नदियां उफान पर है।

———बाईट———

कैमूर जिले में लगातार बारिश के कारण कर्मनाशा , सुअरा , गोरिया, धर्मावती और कुकुरनहिया नदी के जल स्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। बाढ़ का पानी निचले इलाकों में पहुंचने से खेतों में लगी सैकड़ों एकड़ धान की फसल डूब गई है। नुआंव प्रखंड के तीयरा, कारीराम, जैतपुरा, बराढी, भटवलिया, देवरिया, सोनवर्षा समेत कई गांव में भी डर का वातावरण है। बारिश के कारण दुर्गावती जलाशय परियोजना में भी पानी का लेबल लगातार बढ़ रहा है। परियोजना के कार्यपालक अभियंता विजेन्द्र कुमार ने बताया कि जलाशय में फिलहाल जलाशय में 124 मीटर पानी जमा हो चुका है जो खतरे के लेवल से आधा मीटर नीचे है। बांध की सुरक्षा की निगरानी की जा रही है।
आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

————————————————————————

गया का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, भू–राजस्व मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से मेले का उद्‌घाटन किया। यह मेला दो अक्टूबर तक चलेगा। अपने पूर्वजों की मोक्षप्राप्ति की कामना को लेकर पिंडदान करने के लिए देश–विदेश से श्रद्धालु बड़ी संख्या में गया पहुंच रहे हैं। इधर, पटना स्थित पुनपुन में भी पितृपक्ष मेले की शुरूआत हो गयी है। गया में पिंडदान से पहले श्रद्धालु पुनपुन नदी किनारे अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं।

————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने राजगीर और किऊल के बीच पितृ पक्ष मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का परिचालन कल से दो अक्टूबर तक नटेसर–तिलैया–नवादा–वारिसलीगंज के रास्ते किया जायेगा।

————————————————————————

सृष्टि के सृजनकर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना आज श्रद्धापूर्वक की जा रही है। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण तथा सृजन का देवता माना जाता है। इस अवसर पर प्रदेश भर के इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कारखानों, वर्कशॉप और गैराजों में भी पूजा की जा रही है। आकाशवाणी पटना के इंजीनियरिंग विभाग में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. केन्द्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के आज सौ दिन पूरे हुये। प्रधानमंत्री ने कहा– पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आये हैं।

02. गंगा, घाघरा, सोन और पुनपुन नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी। पटना, बक्सर, कैमूर और सारण जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय के देवना में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट के एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ किया।

04. और, गया में विश्व प्रसिद्ध पितृ पक्ष मेला शुरू। पिंडदान के लिए देश–विदेश से पहुंचने लगे हैं श्रद्धालु।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।